# परेश रावल को लेकर बोलीं सोनाक्षी सिन्हा



फिल्मी पर्दे से दूर चल रहीं एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अब जल्द ही अपनी नई फिल्म निकिता रॉय को लेकर आ रही हैं. इस बीच एक्ट्रेस ने पिछले कई दिनों से सुर्खियों में रही फिल्म हेरा फेरी 3 से परेश रावल के एग्जिट पर बात की है. सोनाक्षी का कहना है कि फिल्म में परेश रावल के बिना मजा नहीं है. फिल्म के किरदार %बाबूराव गणपतराव आप्टे के बिना फिल्म के बारे में सोच भी नहीं सकती हैं.

हेरा फेरी फ्रेंचाइज में बनीं फिल्मों में परेश रावल ने बाबूराव गणपतराव आप्टे का किरदार निभाकर हर किसी के दिल पर राज किया है. ऐसे में उनका हेरा फेरी 3 में न होना किसी को भी पसंद नहीं आया है. सोनाक्षी का कहना है कि कॉमेडी फिल्म परेश रावल के बिना अधूरी है. सोनाक्षी ने कहा- मैं हेरा फेरी 3 परेश रावल के बिना सोच भी नहीं सकती. उनकी मौजूदगी इस फिल्म की जान है.

बता दें कि परेश रावल ने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वह हेरा फेरी 3 का हिस्सा नहीं होंगे. उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया था कि हेरा फेरी 3 से उनके हटने का फैसला क्रिएटिव डिफ्रेंस की वजह से नहीं था. निर्देशक प्रियदर्शन के साथ भी उनका कोई मनमुटाव नहीं है.

# अक्षरधाम : ऑपरेशन वज्र शक्ति का ट्रेलर रिलीज



ज़ी स्टूडियोज ने कॉन्टिलो पिक्चर्स के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-ड्रामा 'अक्षरधाम: ऑपरेशन वज्र शक्ति' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म 'अक्षरधाम: ऑपरेशन वज्र शक्ति' वर्ष 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद हुए गुप्त ऑपरेशन 'वज्र शक्ति ' पर आधारित है. केन घोष द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय खन्ना ने अहम भूमिका निभायी है.

निर्देशक केन घोष ने कहा, हमने हर निर्णय के साथ इस बात का ध्यान रखा कि यह सिर्फ एक कहानी नहीं है .यह एक राष्ट्रीय त्रासदी थी, एक गहरा घाव, और साथ ही एक साहसी पल भी.अक्षय खन्ना वह तीव्रता और ईमानदारी लाते हैं जो बहुत ही कम कलाकारों में होती है. वह सिर्फ अभिनय नहीं करते ,वह अपने किरदार को पूरी तरह आत्मसात कर लेते हैं. हमें ऐसा व्यक्ति चाहिए था जो बिना नाटकीयता के नेतृत्व, स्थिरता और आंतरिक संघर्ष को बखूबी दर्शा सके.

केन घोष ने कहा,' अक्षरधाम -ऑपरेशन वज्र शक्ति' एक फिल्म से कहीं बढ़कर है .यह उस दिन की याद दिलाने वाला एक जरिया है जिसे हम कभी नहीं भूल सकते.



# खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे रजत दहिया

अभिनेता रजत दहिया सोनी सब के शो 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे.

सोनी सब का शो 'उफ्फ' ये लव है मुश्किल' अपनी अप्रत्याशित कहानियों और गहराई लिए हुए किरदारों के साथ दर्शकों को लगातार रोमांचित कर रहा है. दर्शक युग (शब्बीर आहलूवालिया) और कैरी (आशी सिंह) के बीच बनते रिश्ते का आनंद लेने लगे हैं, और अब कहानी में एक बड़ा मोड़ आने वाला है, रजत दहिया की एंट्री के साथ, जो निभा रहे हैं विक्रम (विक्की) मल्होत्रा की भूमिका. एक ऐसा वकील जो बाहर से तो आकर्षक और सलीकेदार लगता है, लेकिन अंदर से बेहद चालाक और चतुर है और युग का पुराना दुश्मन भी है.

विक्रम कोई आम किरदार नहीं है . वह युग का पुराना प्रतिद्वंद्वी है, जिसके साथ उसकी बीती जिंदगी में विश्वासघात और अधूरी दुश्मनियां जुड़ी हैं. विक्रम की वापसी के साथ पुरानी रंजिशें फिर से सिर उठाएंगी, जो न सिर्फ युग की ज़िंदगी को उथल-पुथल कर देंगी, बल्कि उसके और कैरी के बीच बन रहे नाजुक रिश्ते को भी खतरे में डाल देंगी. विक्रम बाहर से भले ही शांत और आकर्षक लगे, लेकिन उसके भीतर कई वर्षों का दबा हुआ गुस्सा है. वह अपनी चालाकी से सच्चाई को झूठ और झूठ को सच्चाई की तरह पेश करना जानता है और यही उसे बेहद खतरनाक बनाता है.

टेलीविज़न पर अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले रजत दहिया ने अपने किरदार के बारे में कहा, जो बात मुझे विक्रम की भूमिका की ओर खींच लाई, वो है उसका जटिल और अप्रत्याशित स्वभाव. वह सिर्फ खलनायक नहीं है.वह एक ऐसा इंसान है जो दूसरों की कमजोरियों को पहचानता है और उन्हें अपने फायदे के लिए

# किआरा ने जुग जुग जियो के तीन साल होने पर जताई खुशी

बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी ने अपनी फिल्म जुग जुग जियो की रिलीज के तीन साल पूरे होने पर खुशी जतायी है.

किआरा आडवाणी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म जुग जुग जियो से जुड़े डूडल फोटो को शेयर किया, जिसमें फिल्म के चारों मुख्य कलाकार वरुण धवन, किआरा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर को कार्टून अवतार में दिखाया गया. किआरा आडवाणी ने फोटो शेयर करते हुये लिखा, तीन साल इस खूबसूरत फिल्म के, सबसे अच्छी टीम... सबसे मजेदार समय... जुग जुग जियो !उन्होंने इस पोस्ट में फिल्म के अपने सभी को-स्टार्स को भी टैग किया.

जुग जुग जियो 24 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. जुग जुग जियो को राज मेहता ने निर्देशित किया था. इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस और वायाकॉम18 स्टूडियोज ने मिलकर बनाया था. इस फिल्म में मनीष पॉल और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली भी अहम किरदार में नजर आये थे.



# स्पेशल ऑप्स सीजन 1 का ट्रेलर देखकर होश उड़ गये थे : ताहिर

बॉलीवुड अभिनेता ताहिर राज भसीन का कहना है कि जब पहली बार उन्होंने शो स्पेशल ऑप्स सीजन 1 का ट्रेलर देखा था तो उनके होश उड़ गये थे.

नीरज पांडे निर्मित-निर्देशित स्पेशल ऑप्स सीजन 1 वर्ष 2020 में प्रदर्शित हुआ था.आठ - एपिसोड के पहले सीज़न को इसकी मनोरंजक कथा, दमदार निर्देशन और शक्तिशाली प्रदर्शनों के लिए सराहा गया था. इसके बाद 2021 में स्पेशल ऑप्स 1.5= द हिम्मत स्टोरी रिलीज हुई, जो एक स्पिन ऑफ की तरह थी. अब जियो हॉटस्टार पर स्पेशल ऑप्स 2 स्ट्रीम होने जा रही है. नये सीजन में ताहिर राज भसीन की इंट्री हुयी है. इस शो में ताहिर ने क्लेक्टर का नेगेटिव किरदार निभाया है. ताहिर राज भसीन ने हाल ही में स्पेशल ऑप्स सीरीज 2 में काम करने के बारे में संवाद एजेंसी 'यूनीवार्ता' के साथ विशेष बातचीत में कहा, मुझे स्पेशल ऑप्स का पहला सीजन बहुत पसंद आया था. जब पहली बार मैंने शो



स्पेशल ऑप्स सीजन 1 का ट्रेलर देखा था तो मेरे होश उड़ गये थे कि किसी भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इतने बड़े स्केल की सीरीज बनाई जा सकती है. सीजन 1, मैंने इसे एक प्रशंसक की तरह देखा था. पांच साल बाद जब मुझे नीरज पांडे के कार्यालय से फोन आया, मैं वहां गया, और मैं इस शो के सह निर्देशक शिवम नायर से मिला.उन्होंने जब मुझे मेरे किरदार के बारे बताया तो मैं बहुत प्रभावित हुआ, क्योंकि मेरा जो किरदार है वह अप्रत्याशित है, शातिर दिमाग का है, होशियार है.

ताहिर राज भसीन ने कहा, अक्सर, ग्रे किरदार जो हम अपनी फिल्मों में, अपनी सीरीज में देखते हैं, वे हथियारों से या बल से लड़ते हैं,लेकिन इस सीरीज में, मेरा निभाया किरदार अपने दिमाग से लड़ता है. डेटा उसका हथियार है. वह रक्षा प्रणालियों, वित्तीय संस्थानों पर हमला करता है. यह सुनकर मुझे लगा कि वह एक ऐसा किरदार है जो मैंने पहले कभी नहीं किया है, और न ही उसे पहले कभी देखा गया है. और सबसे बढ़कर, सोने पर सुहागा कि मुझे केके मेनन और नीरज पांडेय के साथ काम करने का मौका मिला.

# दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' का ट्रेलर रिलीज़




पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा किए हॉरर-कॉमेडी फिल्म सरदार जी 3 का ट्रेलर रविवार को रिलीज कर दिया गया. ट्रेलर में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हनिया आमिर भी नजर आई. जिसको लेकर अब दिलजीत दोसांझ ट्रोल हो रहे है. दरसअल, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से अपने सभी तरह के सम्बन्धो को स्थगित कर दिया था जिसमे पाकिस्तानी कलाकारों को भी बैन करना शामिल था इसी के चलते पाकिस्तान के स्टार्स के सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए गए थे जिसमे एक्ट्रेस हनिया आमिर का अकाउंट भी था. लेकिन अब पंजाबी फिल्म सरदार जी 3 में हनिया को देखकर लोगो में गुस्सा भड़क गया है.

# इटैलियन ग्लोबल सीरीज फेस्टिवल में सम्मानित हुईं जैकलीन

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को सिनेमा की दुनिया में उनके योगदान के लिए इटैलियन ग्लोबल सीरीज फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. इसकी झलक जैकलीन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है.

वैश्विक मंच पर टेलीविजन और फिल्म में उत्कृष्टता का जश्न मनाने वाले इस कार्यक्रम में जैकलीन को पुरस्कार विजेताओं के एक प्रतिष्ठित समूह में शामिल किया गया. अपना आभार व्यक्त करते हुए, जैकलीन ने साझा किया कि उनके लिए सिनेमा, कहानी कहने से कहीं बढ़कर है. उन्होंने इसे एक शक्तिशाली माध्यम बताया जो समय, भाषा और महाद्वीपों के पार लोगों को जोड़ता है.

जैकलीन ने आगे लिखा, मेरे लिए सिनेमा एक कला के रूप में सिर्फ कहानी सुनाना नहीं है, बल्कि समय, भाषा और महाद्वीपों के पार लोगों को जोड़ने का एक तरीका है. दुनिया के साथ इसे साझा करने में मदद करने के लिए स्वीकार किया जाना शब्दों से ज्यादा मायने रखता है.



## साइंस एंड टेक्नोलॉजी

# माइक्रोप्लास्टिक की मिली भरमार

**लंबे** समय यह धारणा चली आ रही थी कि प्लास्टिक की बोतल में रखे पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होते हैं. यही वजह है कि कांच के बोतल को ज्यादा सुरक्षित बताया जाता है, लेकिन एक नई स्टडी ने इस धारणा को चुनौती दी है. फ्रांस की खाद्य सुरक्षा एजेंसी में दावा किया गया गया है कि कांच की बोतल में प्लास्टिक की बोतल की तुलना में अधिक माइक्रोप्लास्टिक होते हैं.

स्टडी के नतीजों को जर्नल ऑफ फूड कंपोजिशन एंड एनालिसिस में प्रकाशित किया गया है. शोधकर्ताओं को शुरू में उम्मीद थी कि कांच की बोतलें प्लास्टिक की बोतलों की तुलना में अपेक्षाकृत सुरक्षित होंगी, लेकिन नतीजों ने उन्हें चौंका दिया. शोध का नेतृत्व करने वाली इसेलिन चैब ने कहा, हमें एकदम उलट परिणामों की उम्मीद थी. स्टडी के अनुसार, कोल्ड ड्रिंक्स, नींबू पानी, आइस्ड टी और बीयर की कांच की बोतलों में प्रति लीटर लगभग 100 माइक्रोप्लास्टिक कण होते हैं, जो प्लास्टिक या धातु के कंटेनरों की तुलना में 50 गुना अधिक है. माइक्रोप्लास्टिक का मुख्य स्रोत ढक्कन के होने का अनुमान लगाया गया, क्योंकि पेय पदार्थों में अलग किए गए अधिकांश कण ढक्कन के रंग के समान थे.

# धरती को सौरमंडल से बाहर फेंक सकता है ये भटकता तारा

हमारे ब्रह्मांड में सबसे सुरक्षित जगह धरती ही है . हमारा ग्रह पृथ्वी अरबों साल तक चलने की गारंटी है . लेकिन हाल में ही किए गए एक नए अध्ययन ने इस विचार को खुली चुनौती दे डाली है . इकारस पत्रिता में यह शोध प्रकाशित की गई है .

हम से में लगभग सभी लोग ये मानकर चलते हैं कि हमारे ब्रह्मांड में सबसे सुरक्षित जगह धरती ही है. हमारा ग्रह पृथ्वी अरबों साल तक चलने की गारंटी है. लेकिन हाल में ही किए गए एक नए अध्ययन ने इस विचार को खुली चुनौती दे डाली है. इकारस पत्रिता में यह शोध प्रकाशित की गई है.

शोध के अनुसार एक दुर्लभघटना कभी न कभी पृथ्वी को ही सौरमंडल के बाहर धकेल देगी. वैज्ञानिकों ने हजारों सिमुलेशन की मदद से यह पता लगाया है कि अगर कोई नजदीकी तारा हमारे सौरमंडल के करीब से गुजरेगा तो क्या होगा. उन्हें जो जवाब मिला वह बहुत ही परेशान करने वाला था.

इकारस में किए गए अध्ययन के अनुसार 10,000 खगोलीय इकाइयों के अंदर से गुजरने वाला एक तारा Solar System में बड़ा झोल कर सकता है. यह लगभग 0.16 प्रकाश वर्ष दूर है



जो फिलहाल सुरक्षित लगने के लिए काफी है, लेकिन साथ ही यह इतना नजदीक है कि ऊर्ट क्लाउड (सौर मंडल के चारों तरफ बर्फीला मलबा) को परेशान कर सकता है.



# फोटो डिलीट किये बिना ऐसे खाली करें फोन की स्टोरेज

मोबाइल का इस्तेमाल आज के समय में लगभग हर व्यक्ति करता है. फोन में लोगों को जरूरी डेटा भी होता है, जैसे फोटो, वीडियो, डॉक्यूमेंट्स आदि. लेकिन कई बार फोन की स्टोरेज फुल हो जाती है. ऐसे में सबसे मुश्किल काम होता है फोन में से कुछ फोटोज को डिलीट करना. कई बार लोग अपने फोटोज को डिलीट नहीं करना चाहते. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या किया जाए. अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो टेंशन मत लीजिए. कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप बिना फोटोज डिलीट किए भी अपने फोन में काफी स्पेस बना सकते हैं.

**क्लाउड स्टोरेज का इस्तेमाल करना**- गूगल फोटोज, ड्रॉपबॉक्स, वनड्राइव जैसे कई क्लाउड स्टोरेज ऐप्स मौजूद हैं जो आपकी तस्वीरों और वीडियो का बैकअप ऑनलाइन रखते हैं. आप इन ऐप्स पर अपनी सभी फोटोज अपलोड कर सकते हैं और फिर अपने फोन से उन्हें हटा सकते हैं. इससे आपकी तस्वीरें सुरक्षित भी रहेंगी और आपके फोन में काफी जगह खाली हो जाएगी.

**डुप्लीकेट फाइल्स को डिलीट करना** - कई बार गलती से एक ही फोटो या वीडियो दो बार सेव हो जाती है, जो स्टोरेज को बेवजह भरती है. ऐसे में अपने फोन में मौजूद डुप्लीकेट फाइल्स को ढूंढकर उन्हें डिलीट कर दीजिए.

WhatsApp **मीडिया को मैनेज करें**- WhatsApp पर आने वाली फोटो और वीडियो भी काफी स्टोरेज घेर लेते हैं. आप व्हाट्सएप की सेटिंग में जाकर मीडिया ऑटो-डाउनलोड को बंद कर सकते हैं, जिससे सिर्फ वही मीडिया फाइल्स डाउनलोड होंगी जिन्हें आप आप डाउनलोड करेंगे. इसके अलावा आप पुरानी चैट में मौजूद बड़ी मीडिया फाइल्स को भी मैन्युअली डिलीट कर सकते हैं.



# Motorola Edge Z0 Ultra की औंधे मुंह गिरी कीमत

Motorola Edge 50 Ultra 5G स्मार्टफोन की कीमत में भारी कटौती की गई है. मोटोरोला का यह फ्लैगशिप फोन पिछले साल लॉन्च हुआ है. Motorola Edge 60 सीरीज के लॉन्च के बाद कंपनी ने अपने पिछले साल लॉन्च हुए मॉडल की कीमत में कटौती करने का फैसला किया है. यह अल्ट्रा स्मार्टफोन लॉन्च प्राइस से 15,000 रुपये सस्ते में मिल रहा है. इसमें 12GB रैम और 512GB तक स्टोरेज का सपोर्ट मिलता है.

मोटोरोला का यह फोन Nordic Wood और Peach Fuzz वीगन लेदर फिनिशिंग के साथ आता है. फोन में 6.7 इंच का सुपर ।।ष्ठ डिस्प्ले दिया गया है. फोन में श्चह्रुरुश्वष्ठ डिस्प्ले पैनल दिया गया है, जिसमें कर्व्ड डिजाइन मिलेगा. फोन का डिस्प्ले HDR10+, 144H5 रिफ्रेश रेट और 2800 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस फीचर्स को सपोर्ट करता है.

यह स्मार्टफोन Qualcomm Snapdragon 8s Gen 3 प्रोससेर पर काम करता है. इसमें 12GB रैम और 512GB तक स्टोरेज का सपोर्ट मिलेगा. इसमें 4,500mAh की दमदार बैटरी दी गई है, जिसके साथ 125W फास्ट चार्जिंग फीचर मिलता है. यह फोन Android 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है.

Motorola Edge 50 Ultra के बैक में ट्रिपल कैमरा सेटअप मिलता है. इसमें 50M P का मेन, 50स्रू का अल्ट्रा वाइड और 64M P का तीसरा कैमरा मिलेगा. सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए इस फोन में 50M P का कैमरा मिलता है. इसमें कनेक्टिविटी के लिए डुअल बैंड W i-Fi, Bluetooth, डुअल 5G सिम कार्ड का सपोर्ट है.